# सैनिकों को अब विशेष कोर्स का अवसर देगा यूपीईएस

देहरादून,वरिष्ठ संवाददाता। यूपीईएस अब सैनिकों और उनके आश्रितों को विशेष कोर्स का मौका देगा। इनके लिए अलग सीटें, स्कॉलरशिप और फीस में विशेष छूट भी दी जाएगी। इसके अलावा सैन्य अफसरों के लिए भी पार्टटाइम कोर्स उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए भारतीय सेना और यूपीईएस के बीच समझौता हुआ।

यूपीईएस के रजिस्ट्रार, ट्रेनिंग-प्लेसमेंट डायरेक्टर मनीष मदान और भारतीय सैन्य अकादमी के कर्नल-इंस्ट्रक्टर वीकेएस रावत ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत यूपीईएस सेनाकर्मियों के बच्चों और पत्नी को एकेडेमिक उपलब्धियों के आधार पर छात्रवृत्ति और रियायतें देगा। 12वीं, जेईई या सीयूईटी में अच्छा प्रदर्शन करने वालों के लिए 30% ट्यूशन फीस माफी के साथ यूपीईएस के विभिन्न स्कूलों में एमबीए, बीबीए, एलएलबी, बीटेक, यूजी में सीटें आरक्षित की जाएंगी। सैन्य अफसरों के लिए पार्टटाइम पीएचडी प्रोग्राम चलाया जाएगा, जो सेना की जरूरतों के अनुरूप एविएशन, एरोनॉटिक्स, इंजीनियरिंग, साइंस-टेक्नोलॉजी, लीगल स्टडीज पर ध्यान केंद्रित करेगा।




देहरादून में बुधवार को यूपीईएस और भारतीय सेना की ओर से अपस्किलिंग के लिए पार्टनरशिप एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए। • हिन्दुस्तान